

मालपुरा. केंद्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान में सोमवार को आईसीएआर नई दिल्ली के वित्त निदेशक ने किया दौरा व बैठक।

# केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान में होगा वैज्ञानिक सुविधाओं का विस्तार

## आईसीएआर नई दिल्ली के वित्त निदेशक ने ली बैठक

भास्कर न्यूज़ | मालपुरा

आईसीएआर नई दिल्ली के वित्त निदेशक देवेंद्र कुमार ने कहा है कि अविकानगर के विकास एवं वैज्ञानिकों की सुविधा में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। देवेंद्र कुमार ने सोमवार को केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर का निरीक्षण करने के बाद आयोजित अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कह बात कही।

उन्होंने संस्थान के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया तथा संस्थान के काम काज पर संतोष जताया। उन्होंने संस्थान निदेशक व वैज्ञानिकों को भरोसा दिलाया कि संस्थान के विकास में पूरा सहयोग किया जाएगा धन की कमी नहीं रहेगी। संस्थान निदेशक डॉ. एस एम के नकवी ने वित्त निदेशक का अविकानगर आने पर जोरदार स्वागत किया व संस्थान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने आईसीएआर नई दिल्ली निदेशक द्वारा संस्थान को किए जा रहे आर्थिक सहयोग पर आभार जताया । प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर सी शर्मा ने बताया है कि वित्त निदेशक संस्थान के शहर से काफी दूर होने की समस्या को गंभीर मानते हुए समस्या के समाधान की आश्वासन दिया है। संस्थान वित्त एवं लेखाधिकारी सुरेश शर्मा ने वित्त निदेशक के दौरे का संचालन किया आभार जताया।

# अनुसंधानों को आगे बढ़ाने की जरूरत



मालपुरा के केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में सोमवार को लघु बाजार परिसर का उद्घाटन करते वित्त निदेशक।

मालपुरा @ पत्रिका

patrika.com

केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविका नगर में सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के वित्त निदेशक देवेन्द्र कुमार ने साधारण समारोह में लघु बाजार परिसर का उद्घाटन किया। इससे पहले वित्त निदेशक ने संस्थान में चल रहे अनुसंधान कार्यों का निरीक्षण किया तथा संस्थान के विभिन्न विभागों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने संस्थान में चल रहे कार्यों को संतोषप्रद बताते हुए आश्वासन दिया कि संस्थान की वित्त सम्बन्धी सभी प्रकार की आवश्यकताओं को पूर्ण करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने कहा कि संस्थान में अनुसंधान कार्य सराहनीय है, जिनको नियमित रूप से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने कहा कि संस्थान के विकास में वित्त निदेशक की ओर से जो सहयोग मिला उसके चलते ही संस्थान नियमित रूप से विकास के पथ पर अग्रसर है तथा नवीन तकनीकों का विकास कर पशुपालकों व किसानों के आर्थिक उत्थान में सहायक बन रहा है। संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर. सी. शर्मा ने सस्थान की सभी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। संस्थान के लेखाधिकारी सुरेश शर्मा ने समारोह का संचालन किया।